E-mail:gdcbilaspur2011@gmail.com website:http://www.sgtbsgovtdegreecollegebilaspur.com

# न्यूज़ बुलेटिन

सत्र 2021–22 | अंक : 1 | 01 जुलाई – 31 दिसम्बर 2021

(NEWS BULLETIN)

**श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर, (रामपुर) उ0प्र0**

स्थापना वर्ष :1997

ISO Certified : 9001-2015

## प्राचार्य की कलम से...



सामाजिक समरसता की संस्कृति समाहित किये हुए रामपुर जिले की बिलासपुर तहसील अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। रामपुर जिले की बिलासपुर तहसील में स्थित श्री गुरू तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय, वर्ष 1997 से अनवरत् उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिमान स्थापित कर रहा है। महाविद्यालय का उद्देश्य न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, अपितु विद्यार्थियों में बहुमुखी प्रतिभा को निखार कर भारतीय संस्कृति की मूल्यवान परम्पराओं को पुष्पित एवं पल्लवित करना भी है। हमारा यह प्रयास है कि विद्यार्थी सत् चरित्र का निर्माण करते हुए समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दे सके। हमारे महाविद्यालय का सूत्रवाक्य **''विद्या धनं सर्व धनं प्रधानम्''** भी हमारे उद्देश्यों को व्याख्यायित करता है। कोरोनाकाल में विषम परिस्थितियों के बावजूद महाविद्यालय ने अपने लक्ष्य को पूरा करने का उल्लेखनीय प्रयास किया है। महाविद्यालय के इस सकारात्मक प्रयास का ही परिणाम है कि न्यूज बुलेटिन सत्र 2021–22 का प्रथम अंक प्रकाशित हो रहा है। मैं न्यूज़ बुलेटिन के सम्पादक डॉ0 अरूण प्रताप सिंह, सम्पादक मण्डल के सदस्यों एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को जिन्होंने इस न्यूज़ बुलेटिन के प्रकाशन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना सहयोग प्रदान किया है, हृदय से बधाईयाँ एवं शुभकामनाएं देता हूँ।

**डॉ० नीत बिहारी लाल**
**प्राचार्य**

## स्वंतन्त्रता दिवस समारोह (15 अगस्त 2021)






महाविद्यालय में स्वतन्त्रता दिवस के 75वें पावन पर्व पर प्राचार्य प्रो0 आर0 पी0 यादव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात् राष्ट्रगान भी सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय परिसर में उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्रा–छात्राओं के साथ सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 अरूण प्रताप सिंह द्वारा निदेशक उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज के सन्देश का वाचन किया गया। इस अवसर पर उद्बोधन देते हुए प्राचार्य प्रो0 आर0पी0 यादव ने सर्वप्रथम सबको 75वें स्वतन्त्रता दिवस की बधाई दी। साथ–ही–साथ उन्होंने हमारे स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को याद करते हुए उनके बताये गये रास्तों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कोरोना महामारी से बचाव, साफ–सफाई, सामाजिक दूरी के साथ रहने की सलाह दी। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर्स–रेंजर्स के छात्र–छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वतन्त्रता सेनानियों की जीवनी पर एक प्रतियोगिता भी करायी गयी जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समारोहक डॉ0 अरूण प्रताप सिंह ने किया।

## वृक्षारोपण कार्यक्रम (01 जुलाई 2021)





वर्ष 2021–22 में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वृक्षारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करते हुए श्री गुरू तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर में दिनांक 01 जुलाई, 2021 को 310 पौधे रोपित किये गये जिसमें सागौन, अमरूद, आम, जामुन और अर्जुन के पौधे सम्मिलित थे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में तत्कालीन प्राचार्य प्रो0 आर0 पी0 यादव एवं पर्यावरण समिति की प्रभारी डॉ0 निशा वर्मा सहित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता की। वृक्षारोपण के पश्चात् शासन के निर्देशानुसार वृक्षारोपण प्रक्रिया की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी की गयी तथा वन विभाग उ0प्र0 के पी0एम0एस0 एप के द्वारा जियो टैगिंग के साथ अपलोड कर दी गयी।

## सम्पादक की कलम से...



उत्तर कोरोना काल में उच्च शिक्षा के सामने तमाम चुनौतियां खड़ी थीं। ऐसे समय में उच्च शिक्षा की शिक्षण पद्धति, परीक्षा के कार्य, मूल्यांकन की पद्धति इत्यादि में नए रूपान्तरण उच्च शिक्षा को नए आयाम दे रहे थे। साथ ही दुनिया में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत को स्थान दिलाने की भी चुनौती हमारे समक्ष थी। बिलासपुर जैसे ग्रामीण परिवेश में डिजिटल माध्यम से जोड़कर शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए तमाम समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा था। समाज में जाति, धर्म की विभिन्नताओं को समाप्त कर एक समरसतापूर्ण समाज की स्थापना करने का लक्ष्य भी हमारे समक्ष था। नई शिक्षा नीति 2020 को लागू कर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को इसकी जानकारी देना भी हमारे लिए एक दुरूह कार्य था।

उपरोक्त समस्याओं के बावजूद महाविद्यालय में जुलाई, 2021 से दिसम्बर, 2021 तक तमाम गतिविधियां हुई। उपरोक्त सभी चुनौतियों एवं गतिविधियों को संकलित करते हुये, मैं अत्यन्त गर्व और हर्ष की अनुभूति के साथ ''न्यूज़ बुलेटिन'' सत्र 2021–22 का प्रथम अंक आपके हाथों में सौंप रहा हूँ। यह न्यूज़ बुलेटिन अत्यन्त रोचक एवं आकर्षक है। यह न्यूज़ बुलेटिन महाविद्यालय के हौसलों को एक नई उड़ान देने में सफल सिद्ध होगा। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि यह न्यूज़ बुलेटिन महाविद्यालय परिवार, छात्र–छात्राओं एवं समाज का मनोबल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

**''पत्थर पहले अपने आपको पत्थर करता है,**
**फिर जाकर कुछ कारीगर करता है।।''**

शुभकामनाओं सहित

**डॉ0 अरूण प्रताप सिंह**
**सम्पादक**
**(न्यूज़ बुलेटिन)**

## भारतीय समाज और महिलाओं की स्थिति पर पुस्तक का विमोचन (05 जुलाई, 2021)



महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता हासिल करना किसी भी देश के लिए महत्वपूर्ण है। महाविद्यालय द्वारा मिशनशक्ति अभियान के अन्तर्गत दिनांक 05 जुलाई 2021 को एक वेबिनार का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था ''भारतीय समाज और महिलाओं की स्थिति''। भारत के विभिन्न प्रदेशों से महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों, शोधार्थियों तथा छात्र–छात्राओं ने इस वेबिनार में प्रतिभाग किया। वेबिनार में महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति, परिवार में प्राथमिकता न देने के लिए उत्तरदायी कारणों और उनको शिक्षा के प्रति जागरूक करने आदि अनेक विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किये गये। प्राप्त शोधपत्रों में से प्रमुख शोधपत्रों का चयन कर पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया।

## CATCH THE RAIN विषय पर वेब संगोष्ठी का आयोजन (08 अगस्त 2021)

दिनांक 08अगस्त 2021 को महाविद्यालय में एक वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय "CATCH THE RAIN" था। वेब संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ० अजय बाबू शर्मा, प्रभारी रसायन विज्ञान विभाग एवं कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना श्री विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैराना शामली तथा विशिष्ट वक्ता डा0 मोहम्मद साबिर, असिस्टेंट प्रोफेसर, भूगोल विभाग, वर्धमान कॉलेज बिजनौर रहे । संगोष्ठी का प्रारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ प्रारंभ हुआ तत्पश्चात संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ० शिवओम शर्मा द्वारा संगोष्ठी की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डाक्टर आर० पी० यादव द्वारा तत्संबंधी विषय पर विस्तार से बताया गया तथा सभी सम्मानित अतिथियों, प्राध्यापकों, छात्र–छात्राओं तथा बिलासपुर के क्षेत्रवासियों का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्य द्वारा "जल बचाओ जीवन बचाओ" पर विशेष रूप से जोर दिया गया। इसके पश्चात मुख्य वक्ता डॉ० अजय बाबू शर्मा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से तथा इसके स्वयंसेवकों द्वारा जल संरक्षण अभियान के तहत जगह .जगह पर कैंप लगाकर तथा लोगों में जल संरक्षण के प्रति चेतना उत्पन्न करने और जल की भविष्य में होने वाली कमी पर विस्तार से बताया गया । तत्पश्चात डॉ० मोहम्मद साबिर असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल विभाग, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर द्वारा प्रकृति द्वारा जल एवं पीने योग्य जल तथा जल से होने वाली तमाम बीमारियों और उससे बचाव के विषय में विस्तार से बताया गया। संगोष्ठी के अंत में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० हर्षवर्द्धन मिश्र द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अपने धन्यवाद ज्ञापन में प्रोफेसर मिश्र द्वारा जल संरक्षण, जल शक्ति, वेदों एवं पुरानी परंपराओं के अनुसार जल को जीवनदायिनी के रूप में बताया गया। वेब संगोष्ठी में प्रो.आई.बी. महापात्र, डॉ0 हर्षवर्द्धन मिश्र, डॉ० नीलिमा सिंह, डॉ० नीत बिहारी लाल, डॉ० अवतार दीक्षित, डॉ० दिव्यांशु कुमार, डॉ० अरुण प्रताप सिंह, डॉ० संघ रतन सिंह, डॉ० शिल्पा राठी, डॉ० बालमुकुंद वर्मा एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं और बिलासपुर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वेब संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ० शिवओम शर्मा कार्यक्रमाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा किया गया।



## National Education Policy-2020 विषय पर राष्ट्रीय ई–संगोष्ठी (20 अगस्त, 2021)




दिनांक 20 अगस्त 2021 को महाविद्यालय एवं महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय ई–संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था "National Education Policy-2020:Implementation, Challenges & Solutions" वेब संगोष्ठी में प्रथम दिन दिनांक 20/08/2021 को मुख्य अतिथि के रूप में महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के. पी. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में रहे तथा मुख्य वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय से प्रोफेसर एस.के. पांडे, प्रवेश समन्वयक तथा डाक्टर आलोक श्रीवास्तव एसोसिएट प्रोफेसर प्लांट साइंस विशेष वक्ता के रूप में रहे।

ई–संगोष्ठी का प्रारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय के वरिष्ठ एसोसिएट प्रोफेसर तथा ई–संगोष्ठी के संयोजक, प्रोफेसर आई.बी. महापात्र द्वारा ई–संगोष्ठी की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला गया उन्होंने बताया की नई शिक्षा नीति यानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति किस प्रकार आज के समय की मांग है तथा इसके द्वारा शिक्षा का स्तर किस प्रकार ऊपर उठाया जा सकता है। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर(डॉ०) आर.पी. यादव द्वारा सभी अतिथियों प्रतिभागियों एवं बिलासपुर क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। अपने स्वागत उद्‌बोधन में प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व एवं वर्तमान में इसकी तार्किकता के विषय में विस्तार से समझाया गया तथा बताया गया कि किस प्रकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के भविष्य के लिए एक दूरदर्शी नीति साबित होगी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में किस प्रकार एक विद्यार्थी वोकेशनल शिक्षा लेकर औद्योगिक एवं तकनीकी रूप से दक्ष होकर आसानी से शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात अपने उद्देश्य की प्राप्ति कर सकता है। इसके पश्चात विश्वविद्यालय से जुड़े मुख्य वक्ता प्रोफेसर एस. के. पांडे द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत प्रवेश किस प्रकार किए जाएंगे तथा प्रवेश के संबंध में आ रही विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया गया। प्रोफेसर पांडे द्वारा बताया गया कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत किसी भी संकाय का विद्यार्थी माइनर विषय के रूप में किसी भी दूसरे संकाय के विषय का चुनाव कर सकता है, केवल एक संकाय की बाध्यता नहीं रह जाती है। प्रोफेसर पांडे द्वारा संगोष्ठी में प्रतिभाग कर रहे विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों तथा प्रतिभागियों की समस्याओं का निराकरण किया गया और उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों को विस्तार से एवं स्पष्ट रूप से समझाया गया और प्रवेश के संबंध में हो रही समस्याएं तथा भ्रांतियों को दूर किया गया। डॉ० आलोक श्रीवास्तव द्वारा ईयर वाइज क्रेडिट स्कोर सर्टिफिकेट डिप्लोमा डिग्री आदि के विषय में बताया गया तथा सब्जेक्ट के विषय में बताया गया कि महाविद्यालय अपने स्तर पर भी सब्जेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र को आगे बढ़ाने में अत्यंत ही सहायक साबित होगी तथा यह विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास में योगदान देगी। डॉ० आलोक श्रीवास्तव द्वारा प्रतिभागियों की भ्रांतियों एवं पूछे गए प्रश्नों को विस्तारपूर्वक समझाया गया तथा प्रवेश एवं विषय संबंधी चुनाव में आ रही परेशानियों और उन्हें दूर करने के विषय में बताया गया। वेब संगोष्ठी के दूसरे दिन, दिनांक 21/08/21 को महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय से प्रोफेसर पी.बी. सिंह विभाग प्रभारी एवं संकाय अध्यक्ष प्रबंधन विभाग तथा डॉ० दिनेश चंद्र शर्मा, कुमारी महामाया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर से उपस्थित रहे।

वक्ता प्रोफेसर पी. बी. सिंह द्वारा प्रवेश के समय मेजर तथा माइनर विषय के चुनाव के बारे में पीपीटी प्रस्तुतीकरण द्वारा विस्तार से समझाया गया उनके द्वारा बताया गया कि विद्यार्थी किस प्रकार अपने विषय के मेजर सब्जेक्ट के साथ–साथ दूसरे संकाय से किसी भी माइनर पेपर का चुनाव कर सकता है और उस माइनर पेपर के चुनाव के पश्चात क्रेडिट का निर्धारण कैसे किया जाता है। उनके द्वारा सी.बी.सी.एस. एवं एस.जी.सी.एस. सिस्टम को उदाहरण द्वारा विस्तार से समझाया गया तथा इस क्रेडिट सिस्टम के आधार पर विद्यार्थी अपनी परसेंटेज का निर्धारण किस प्रकार कर सकता है यह भी बताया गया। यह क्रेडिट सिस्टम भविष्य में विद्यार्थियों के उन्नयन में किस प्रकार सहायक होगा तथा यदि कोई विद्यार्थी एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय में जाता है तब इन क्रेडिट सिस्टम को किस प्रकार प्रयोग में लाया जाएगा तथा यह किस प्रकार विद्यार्थी की सहायता कर सकते हैं यह भी बताया गया। तत्पश्चात डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत प्रवेश में आ रही तकनीकी समस्याओं तथा तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक कला का विद्यार्थी भी साइंस के विषय का चुनाव माइनर विषय के रूप में कर सकता है और इसी प्रकार एक विज्ञान विषय का विद्यार्थी भी कला एवं वाणिज्य के विषय का अध्ययन कर सकता है। नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी अपनी रुचि एवं अपनी योग्यता के अनुसार विषयों का निष्पक्ष चुनाव कर सकता है तथा स्नातक स्तर पर सर्टिफिकेट डिप्लोमा तथा डिग्री प्राप्त कर सकता है डॉ० शर्मा द्वारा ऑनलाइन टीचिंग पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा ऑनलाइन टीचिंग की बारीकियों तथा टाइम टेबल किस प्रकार व्यवस्थित किया जाए इसके विषय में बताया गया तत्पश्चात प्रश्नकाल के दौरान प्रोफेसर पीबी सिंह तथा डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा द्वारा संगोष्ठी में प्रतिभाग कर रहे विभिन्न प्राचार्य प्रोफेसरों एवं प्राध्यापकों की जिज्ञासा एवं भ्रम को दूर किया गया और नई शिक्षा नीति में आ रही समस्याओं के निराकरण में महत्वपूर्ण बारीकियां बताई गई जिसके माध्यम से समस्त समस्याओं का निराकरण महाविद्यालय अपने स्तर से कर सकते हैं। नई शिक्षा नीति के तहत प्रवेश किस प्रकार किए जाएंगे तथा प्रवेश के संबंध में आ रही विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया गया। अंत में वेब संगोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर आई.बी. महापात्र द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ० हर्षवर्द्धन मिश्र, डॉ० नीलिमा सिंह, डॉक्टर नीत बिहारी लाल, डॉक्टर शिवओम शर्मा, डॉ० दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉक्टर अरुण प्रताप सिंह, डॉक्टर संघ रतन सिंह, डॉ० शिल्पा राठी, डॉक्टर बालमुकुंद, श्रीमती शेफाली तथा महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। वेब संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ० दिव्यांशु कुमार सिंह द्वारा तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई गई। संगोष्ठी का संचालन आयोजन सचिव डॉ० अवतार दीक्षित द्वारा किया गया।



## वर्तमान समय में संस्कृत की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी (25 अगस्त, 2021)




दिनांक 25 अगस्त 2021 को महाविद्यालय में वर्तमान समय में संस्कृत की प्रासंगिकता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र/छात्राओं ने श्लोक वाचन किया तथा उनका अर्थ भी बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर आई० बी० महापात्र द्वारा वर्तमान में संस्कृत की प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इतिहास विभाग प्रभारी डॉ० नीत बिहारी लाल द्वारा बताया गया कि गीता एवं उपनिषद् के सन्देश हजारों सालों से हमारी प्रेरणा एवं कर्मों का आधार रहे हैं किंचित परिवर्तनों के बावजूद भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्व जीवन मूल्य एवं वचन पद्धति में एक ऐसी निरंतरता रही है कि आज भी करोड़ों भारतीय स्वयं को उन मूल्यों एवं चिंतन प्रणाली से जुड़ा हुआ महसूसू करते हैं। मुख्य वक्ता डॉ० सुनीता जायसवाल, सहआचार्य संस्कृत, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि वर्तमान में संस्कृत भाषा अपनी वैज्ञानिकता के कारण NASA द्वारा प्रमाणित तकनीकि भाषा है। कार्यक्रम में डॉक्टर शिव ओम शर्मा, डॉ० दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ० अरुण प्रताप सिंह, डॉक्टर संघ रतन सिंह, डॉ० शिल्पा राठी एवं डॉ० बालमुकुंद वर्मा उपस्थित रहे।

## शिक्षक सम्मान समारोह (05 सितम्बर 2021)

शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर 2021 को उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद स्तर पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिसके अंतर्गत गणित विभाग के अध्यक्ष एवं सहायक आचार्य, डॉ० शिव ओम शर्मा एवं इतिहास विभाग के अध्यक्ष एवं सहायक आचार्य डा० नीत बिहारी लाल, डॉ० अवतार दीक्षित, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक भौतिकी ,वं डॉ0 पी0 के0 गर्ग सह आचार्य (से.नि.) वाणिज्य विभाग को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



## फिट इंडिया फ्रीडम रन : 2.0 प्रतियोगिता (9 सितम्बर 2021)





दिनांक 9 सितंबर 2021 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में फिट इंडिया फ्रीडम रन : 2.0 के अंतर्गत छात्र एवं छात्रा वर्ग की 100 मीटर की दौड़ कराई गई। महाविद्यालय के छात्र /छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें छात्र वर्ग में सुरजीत बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष प्रथम स्थान, विक्की बी0,ए0 द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान पर तथा आशीष कुमार बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग में संदीप कौर बी0,ए0 प्रथम वर्ष प्रथम स्थान पर, निशा नेगी बी0,ए0 प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर तथा मुस्कान कश्यप बी०एस०सी० प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर आई० बी० महापात्र एवं महाविद्यालय के डॉक्टर नीत बिहारी लाल, डॉ० अवतार दीक्षित, डॉ० दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉक्टर अरुण प्रताप सिंह, डॉक्टर संघ रतन सिंह, डॉ० शिल्पा राठी, डॉ० बालमुकुंद वर्मा, डॉक्टर अरविन्द उपाध्याय एवं कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। संपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉक्टर शिव ओम शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## हिन्दी दिवस, शिक्षक सम्मान समारोह एवं पुरातन छात्र सम्मेलन (14 सितम्बर, 2021)



दिनांक 14 सितम्बर 2021 को हिन्दी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह एवं पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख मुख्य अतिथि माननीय श्री संजय कपूर, पूर्व विधायक विधान सभा क्षेत्र–बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ0 अलबेले सिंह यादव पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव एवं समस्त शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया एवं पुष्प अर्पण किये गये। तत्पश्चात् महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागत

गीत प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में गुरू की महिमा का वर्णन किया, साथ ही पुरातन छात्र/छात्राओं से कहा कि महाविद्यालय के प्रति अपनी जिम्मेदारी एवं उनके दायित्वों का निर्वाहन करें। इसके पश्चात् कार्यक्रम के संयोजक प्रो0 आई0 बी0 महापात्र द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया एवं प्राचार्य जी का प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। हिन्दी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर यासमीन जहां, बी0ए0 प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर डॉली बी0ए0 द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान पर लक्ष्मी बी0ए0 तृतीय वर्ष को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात् शिक्षक सम्मान की श्रृखला में महाविद्यालय के प्राचार्य जी द्वारा डॉ0 अलबेले सिंह यादव, पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली, डॉ0 पी0 के0 गर्ग, पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर वाणिज्य विभाग, राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर, श्री हरीश चन्द्र प्रधानाचार्य श्री गुरू नानक इण्टर कॉलेज, बिलासपुर, श्रीमती रूपा अग्रवाल, प्रधानाचार्या, डी0ए0वी0 कन्या इण्टर कॉलेज, बिलासपुर, श्री राजीव कुमार, प्रधानाचार्य, बृह्मदत्त सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज बिलासपुर एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण प्रो0 आई0 बी0 महापात्र, डॉ0 हर्षवर्द्धन मिश्र, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित, श्री दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ0 अरूण प्रताप सिंह, श्री संघ रतन सिंह, शिल्पा राठी, डॉ0 बाल मुकुन्द वर्मा, डॉ0 अरविन्द उपाध्याय, कार्यालय से श्रीमती शैफाली एवं समस्त कार्यालय स्टॉफ तथा पुराने छात्र/छात्राओं श्री सतीश कुमार गिरोह , अमित कुमार अग्रवाल (एडवोकेट), अमान खान, आरती सक्सैना, फातमा जेहरा, शावेज खान, धीरेन्द्र थापा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए प्राचार्य जी ने कहा कि गुरू का दर्जा सर्वोपरि है। विशिष्ट अतिथि डॉ0 अलबेले सिंह यादव द्वारा चौपाईयों द्वारा गुरू की महिमा का वर्णन किया गया। उक्त अवसर पर श्री नलिन सिंह, समाजसेवी ने कहा कि गुरू की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। आयोजन सचिव डॉ0 शिवओम शर्मा द्वारा महाविद्यालय की विगत वर्ष की उपलब्धियाँ प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम के अन्त में डॉ0 हर्षवर्द्धन मिश्र द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## महाविद्यालय की NAAC की SSR रिपोर्ट स्वीकृत, आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति (IQAC) की बैठक एवं शिक्षक अभिभावक सम्मेलन (14 सितम्बर, 2021)

दिनांक 14 सितम्बर, 2021 को महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति (IQAC) की बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य, प्रो0 आर0पी0 यादव द्वारा की गयी। प्राचार्य जी द्वारा सूचित किया गया कि महाविद्यालय की SSR रिपोर्ट NAAC द्वारा स्वीकृत कर ली गयी है और अब मात्र NAAC की पियर टीम की फाइनल विजिट होनी प्रस्तावित है। प्राचार्य प्रो0 आर0 पी0 यादव ने NAAC कोआर्डिनेटर डॉ0 नीलिमा सिंह, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगणों एवं कर्मचारियों को इस SSR रिपोर्ट को तैयार करने हेतु किये गये प्रयासों की सराहना की। इस बैठक में महाविद्यालय के बहुमुखी विकास के लिए भविष्य की योजनाऐं तैयार की गयी एवं अभिभावकों के साथ भी संवाद किया गया ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। बैठक के अन्त में IQAC की समन्वयक डॉ0 नीलिमा सिंह ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के विकास कार्यो को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक में IQAC के सम्मानित सदस्य प्रो0 आई0 बी0 महापात्र, डॉ0 हर्षवर्द्धन मिश्र, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ0 अरूण प्रताप सिंह, डॉ0 शिल्पा राठी, डॉ0 बाल मुकुन्द वर्मा, डॉ0 अरविन्द उपाध्याय, कार्यालय अधीक्षक श्रीमती शैफाली एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।




## दीक्षारम्भ समारोह सत्र 2021–22 (16 सितम्बर 2021)




दिनांक 16 सितंबर 2021 को महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० डा० आर०पी० यादव एवं आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि श्री संतोष शर्मा, समाजसेवी का अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो(डॉ) आर० पी० यादव ने अपने सम्बोधन मे कहा कि किसी भी देश का भविष्य उस देश के बच्चे और नवयुवा ही होते हैं और इन बच्चों व नवयुवाओं का सुनहरा भविष्य उनकी शिक्षा.दीक्षा पर निर्भर करता है। इनको सही समय पर सही मार्गदर्शन मिले यह जरूरी है। तत्पश्चात आयोजन सचिव डॉ शिवओम शर्मा ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या पढ़ी। कार्यक्रम की इस कड़ी में कार्यक्रम संयोजक डॉ नीत बिहारी लाल ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में महाविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उनका बौद्धिक एवं चारित्रिक निर्माण करना भी है। कार्यक्रम के समन्वयक डा० आई० बी० महापात्र ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की परिकल्पना के बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा परम्परागत शिक्षा के साथ.साथ व्यवसायिक शिक्षा भी



श्री गुरु तेग बहादुर महाविद्यालय के तृतीय दिशारम्भ कार्यक्रम में हुआ पुस्तक का विमोचन

प्रदान करेगी। आयोजन सचिव डॉ हर्षवर्द्धन मिश्र ने विद्यार्थियों को सामान्य निर्देश बताने के साथ ही विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व बताया। सह संयोजिका डॉ नीलिमा सिंह ने महिला सुरक्षा, खेल एवं योग पर अपने विचार रखे। डॉ शिवओम शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताया।, सह संयोजक डॉ अवतार दीक्षित ने विद्यार्थियों को रोवर्स रेंजर्स संबंधित जानकारी दी। श्री दिव्यांशु कुमार सिंह ने व्यक्तित्व विकास पर, श्री संघ रतन सिंह ने कम्प्यूटर लर्निंग पर, डॉ अरुण प्रताप सिंह ने छात्रवृत्ति पर, शिल्पा राठी ने इंग्लिश कम्यूनीकेशन पर, डॉ अरविंद उपाध्याय ने कौशल विकास पर अपने विचार रखे। उक्त अवसर पर पुरातन छात्र श्री अज़ीम खान को सम्मानित किया गया एवं प्राचार्य प्रो० (डॉ) आर० पी० यादव, डॉ अब्दुल लतीफ एवं श्री दिव्यांशु कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से संपादित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्री संतोष शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है ऐसे कार्यक्रम सभी महाविद्यालयों को सम्पन्न कराने चाहिए। इससे महाविद्यालय में परिवारिक वातावरण का निर्माण होगा। कार्यक्रम का समापन राष्टगान के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० शिवओम शर्मा द्वारा किया गया।

## उच्च शिक्षा में साइबर सुरक्षा: समस्या और समाधान विषय पर तीन दिवसीय वेब संगोष्ठी (23–25 सितम्बर 2021)




23 सितंबर 2021 को महाविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था " Cyber Security in Higher Education: Problems & Solutions" (उच्च शिक्षा में साइबर सुरक्षा, समस्या और समाधान) वेब संगोष्ठी में प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉक्टर अमित भारद्वाज, निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज मुख्य वक्ता के रूप में, प्रोफेसर एसएस बेदी, हेड डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली तथा डॉक्टर अनुपमा सक्सेना, असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ लॉ, डॉ० हरिसिंह गौर, केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश उपस्थित रहे। वेब संगोष्ठी का प्रारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात वेब संगोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर आई.बी. महापात्र द्वारा वेब संगोष्ठी की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया की आज प्रत्येक उच्च शैक्षणिक संस्था में आए दिन डाटा चोरी और रिसर्च के क्षेत्र में कट कॉपी पेस्ट करके किसी दूसरे के नाम से प्रकाशित भी किया जा रहा है आज इस साइबर अपराध से हर शैक्षणिक संस्था को बचाने की आवश्यकता है। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर(डॉ०) आर.पी. यादव द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं बिलासपुर क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में साइबर सुरक्षा से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डाला गया, उनके द्वारा बताया गया कि साइबरक्राइम किस प्रकार से उच्च शिक्षा में सक्रिय है और उच्च शिक्षा की मूल भावना या मूल तत्वों को दूषित कर रहा है। हमें आज के इस युग में साइबर अपराधों के प्रति अत्यधिक सचेत रहने की आवश्यकता है और समय रहते इसका निदान आवश्यक है।

वेब संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता प्रोफेसर एस.एस. बेदी द्वारा साइबर सुरक्षा तथा साइबर अपराधियों के विषय में बताया गया उनके द्वारा बताया गया कि "इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स" के द्वारा किस प्रकार हम पेटेंट एवं ट्रेडमार्क को सुरक्षित रख सकते हैं और साइबर अपराधों से बच सकते हैं तथा उच्च शिक्षा में साइबर क्राइम को कम कर सकते हैं। यदि हम पूर्ण रूप से सावधान हैं तो इन अपराधों को कम किया जा सकता है, इसके साथ–साथ प्रोफेसर बेदी द्वारा Plagiarism से संबंधित प्रावधानों को विस्तार से समझाया गया। तत्पश्चात डॉक्टर अनुपमा सक्सेना द्वारा साइबर सिक्योरिटी तथा साइबर सिक्योरिटी की धाराओं तथा साइबर अपराधियों के प्रति कार्यवाही पर प्रकाश डाला ग़या। उनके द्वारा इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स के तहत साइबर अपराधियों को सजा दिलाए जाने संबंधी प्रावधानों के विषय में बताया या। अंत में वेब संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ० अवतार दीक्षित द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ० हर्षवर्द्धन मिश्र, डॉ० नीलिमा सिंह, डॉक्टर नीत बिहारी लाल, डॉ शिवओम शर्मा, डॉ० दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ० अरुण प्रताप सिंह, डा० संघ रतन सिंह, डॉ० शिल्पा राठी, डॉ० बालमुकुंद, डॉ० अरविन्द उपाध्याय, श्रीमती शेफाली तथा महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। वेब संगोष्ठी के कोऑर्डिनेटर डॉ० हेमंत कुमार राजकीय महाविद्यालय अतरौली अलीगढ़ तथा डॉ० दिव्यांशु कुमार सिंह द्वारा तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई गई। संगोष्ठी का संचालन आयोजन सचिव डॉ० अवतार दीक्षित द्वारा किया गया।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती (2 अक्टूबर 2021)



दिनांक 2 अक्टूबर 2021 को महाविद्यालय में महात्मा गांधी जी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती मनायी गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के पश्चात वृक्षारोपण किया गया तथा एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक ऑनलाइन क्विज का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा विचार रखे गए। संचालन डॉक्टर शिवओम शर्मा द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव जी ने गांधी जी और शास्त्री जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रो0 आई० बी० महापात्र, डॉ0 हर्षवर्द्धन मिश्र, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ0 अरुण प्रताप सिंह, डॉ0 संघ रतन सिंह, डॉ0 शिल्पा राठी, डॉ0 बालमुकुंद वर्मा, डॉ0 अरविन्द उपाध्याय, समस्त स्टाफ तथा छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति (तृतीय चरण) 02 अक्टूबर, 2021



दिनांक 02 अक्टूबर 2021 को महाविद्यालय में मिशन शक्ति (तृतीय चरण) के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव द्वारा महाविद्यालय स्तर पर चयनित ''मिशन शक्ति Agents of Change लोकेन्द्र–बी0ए0 तृतीय वर्ष, राहुल–बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष, महेन्द्र सिंह–बी0एस0सी0 द्वितीय वर्ष, सन्दीप यादव–बी0कॉम द्वितीय वर्ष, अजय यादव– बी0कॉम द्वितीय वर्ष, तथा सायमीन एम0कॉम द्वितीय, नीतू–एम0ए0 द्वितीय वर्ष, रंगोली–एम0एस–सी0 द्वितीय वर्ष, नेहा भारद्वाज–बी0ए0 तृतीय वर्ष, लक्ष्मी–बी0ए0 तृतीय वर्ष, राजविन्द्र कौर–बी0ए0 तृतीय वर्ष, पायल शर्मा–बी0ए0 तृतीय वर्ष, आस्था– बी0ए0 तृतीय वर्ष, अलका–बी0ए0 द्वितीय वर्ष, अनीता रानी–बी0ए0 द्वितीय वर्ष, अंजू–बी0ए0 तृतीय वर्ष, अभिभावक श्री किशोरी लाल, तथा महाविद्यालय के तीन प्राध्यापकों– श्री संघरतन सिंह असि0 प्रो0 राजनीति शास्त्र, डॉ0 बालमुकुन्द वर्मा–असि0 प्रो0 अर्थशास्त्र एवं डॉ0 अरविन्द उपाध्याय–असि0 प्रो0 वनस्पति विज्ञान को सम्मानित किया गया। छात्र/छात्राओं को मिशन शक्ति में बढ़–चढ़कर भाग लेने और अपनी मनोवृत्ति बदलने के लिए प्रोत्साहित किया गया। छात्र/छात्राओं का महिला सुरक्षा शपथग्रहण भी सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम की असि0 नोडल अधिकारी डॉ0 नीलिमा सिंह ने छात्राओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।इस कार्यक्रम में प्रो0 आई0बी0 महापात्र, डॉ0 हर्षवर्द्धन मिश्र, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ0 अरूण प्रताप सिंह, श्री संघ रतन सिंह, शिल्पा राठी, डॉ0 बाल मुकुन्द वर्मा, डॉ0 अरविन्द उपाध्याय एवं श्रीमती शैफाली सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।

## पूर्व प्राचार्य प्रो० आर० पी० यादव की सेवानिवृत्ति (31 अक्टूबर 2021)





सरस्वती सम्मान एवं शिक्षक श्री सम्मान से सम्मानित महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव दिनांक 31 अक्टूबर 2021 को सेवानिवृत्त हुए। प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव ने प्रवक्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के रूप में अपनी सेवा प्रदान की तथा प्राचार्य के रूप में प्रदत्त दायित्वों का निर्वहन करते हुए इस महाविद्यालय को नई दिशा प्रदान की। सेवानिवृत्ति के अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय में संचालित उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अध्ययन केन्द्र के समन्वयक डॉ0 नीत बिहारी लाल द्वारा पूर्व प्राचार्य डॉ0 आर0पी0 यादव को स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

## प्रो० आई० बी० महापात्र द्वारा प्रभारी प्राचार्य का पदभार ग्रहण (31 अक्टूबर, 2021)



दिनांक 31अक्टूबर 2021 को पूर्व प्राचार्य प्रो0 (डॉ०) आर0 पी0 यादव की सेवानिवृत्ति के पश्चात् समाजशास्त्र के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो0 आई0 बी0 महापात्र द्वारा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर प्रो0 आर0 पी0 यादव ने कहा कि इनके मार्गदर्शन में महाविद्यालय निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसरित होगा। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रो0 आई0 बी0 महापात्र को पुष्पगुच्छ प्रदान किया गया।

## मतदाता जागरूकता अभियान (15 नवम्बर, 2021)

दिनांक 15 नवंबर 2021 को महाविद्यालय, में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डी0 ए0 वी0 इंटर कॉलेज बिलासपुर के अध्यापक श्री विपिन मिश्रा, राजकीय इंटर कॉलेज बिलासपुर के अध्यापक श्री आसाराम तथा ए0 आर0 सी0 श्री अमर पाल सिंह बिलासपुर ने मतदाता जागरूकता विषय पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक डॉक्टर अरुण प्रताप सिंह एवं डॉ० संघ रतन सिंह ने मतदाता जागरूकता विषय पर छात्र/छात्राओं को जानकारी दी। उक्त विषय पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 आई0 बी0 महापात्र ने अपने उद्बोधन में सभी छात्र छात्राओं को मतदाता जागरूकता विषय पर जानकारी दी तथा जिन छात्र–छात्राओं की उम्र 18 वर्ष से अधिक है उनको मतदाता बनने हेतु फार्म 6 भरने के लिए कहा। उक्त कार्यक्रम में डॉ0 शिल्पा राठी, डॉ0 अरविन्द उपाध्याय एवं डॉ0 बालमुकुंद वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शिवओम शर्मा ने किया। उक्त कार्यक्रम में सभी सम्मानित शिक्षक, कार्यालय का समस्त स्टाफ एवं समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

**मतदाता जागरूकता अभियान चलाया**

रामपुर। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. शिल्पा राठी एवं डॉ. अरविंद उपाध्याय एवं डॉ. बालमुकुंद वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवओम शर्मा ने किया। इस दौरान सभी शिक्षक स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संवाद



## मिशन शक्ति (तृतीय चरण) (06 दिसम्बर, 2021)



महाविद्यालय में मिशन शक्ति (तृतीय चरण) कार्यक्रम के अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय 'महिला आत्मनिर्भरता कितनी जरूरी तथा महिला सम्मान हेतु सरकारी योजना'' रहा। कार्यक्रम में बोलते हुये महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0आई० बी० महापात्र ने 'महिला आत्मनिर्भरता कितनी जरूरी तथा महिला सम्मान हेतु सरकारी योजना'' के विषय में विस्तार से बताया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० हर्षवर्द्धन मिश्र ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ0 अरूण प्रताप सिंह, श्री संघ रतन सिंह, डॉ0 बाल मुकुन्द वर्मा, डॉ0 अरविन्द उपाध्याय एवं कार्यालय से श्रीमती शैफाली सहित बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## पाँच दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स शिविर (27 – 31 दिसम्बर 2021)





महाविद्यालय में दिनांक 27 से31दिसम्बर 2021 तक पाँच दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स शिविर का आयोजन किया गया। दिनांक 31.12.2021 को शिविर के पाँचवें व अन्तिम दिन का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 आई0बी0 महापात्र एवं डॉ0 हर्षवर्द्धन मिश्र द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। प्राचार्य द्वारा स्वागत उदबोधन मे रोवर्स/रेंजर्स के शिविरार्थियों द्वारा सामाजिक उत्थान में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा रोवर्स/रेंजर्स द्वारा विपरीत समय में देश को दी गयी सेवायें और उनके महत्व के विषय में बताया गया। तत्पश्चात् प्रभारी डॉ0 अवतार दीक्षित एवं जिला संगठन आयुक्त, उ0प्र0 स्काउट/गाइड श्रीमती नरवन्त कौर द्वारा शिविरार्थियों को टैन्ट बनाना, पुल बनाना, बिना बर्तन के भोजन बनाना तथा कैम्प फायर आदि के बारे में बताया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि रामपुर जिले के जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 मुनेश कुमार जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इण्टर कॉलेज के प्राचार्य श्री हरिनाथ जी रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अपने उद्‌बोधन में इस कैम्प के माध्यम से शिविरार्थियों में आत्मनिर्भरता जाग्रत करने तथा सामाजिक चेतना का मन्त्र दिया गया तथा इस कला को आगे बढ़ाने एवं अपने क्षेत्र को विस्तृत करने की अपील की। टेन्ट प्रतियोगिता में रेंजर्स में रानी लक्ष्मीबाई टोली प्रथम, मदर टेरेसा टोली द्वितीय व रानी पद्‌मावती टोली तृतीय स्थान पर रही। रोवर्स में भगत सिंह टोली प्रथम स्थान पर तथा आजाद टोली द्वितीय स्थान पर रही। पुल निर्माण में अब्दुल कलाम टोली प्रथम रही। भोजन प्रतियोगिता में रेंजर्स में रानी पदमावती एवं रानी लक्ष्मीबाई टोली संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं। मदर टेरेसा टोली द्वितीय स्थान पर तथा रीता फारिया टोली तृतीय स्थान पर रही। रोवर्स में भगत सिंह टोली प्रथम स्थान पर, आजाद टोली द्वितीय स्थान पर व अब्दुल कलाम टोली तृतीय स्थान पर रही। पाँच दिवसीय कैम्प में बेस्ट रोवर्स–राहुल सिंह व बेस्ट रेंजर्स नेहा भारद्वाज को चुना गया। बेस्ट लीडर रोवर्स में लोकेन्द्र सिंह व रेंजर्स में हरप्रीत कौर को चुना गया। सद्‌भावना पुरूस्कार शुऐव अली को प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 हर्षवर्द्धन मिश्र, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ0 संघ रतन सिंह, डॉ0 शिल्पा राठी निर्णायक मण्डल में रहे एवं कार्यालय अधीक्षक श्रीमती शैफाली एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन रोवर्स/रेंजर्स प्रभारी डॉ0 अवतार दीक्षित द्वारा किया गया।

## मुख्य शास्ता द्वारा विद्यार्थियों के लिए निर्देश

1– महाविद्यालय में अनुशासन का पालन करें। 2– महाविद्यालय में बिना परिचय पत्र के प्रवेश निषेध है।
3– रैगिंग दण्डनीय अपराध है। 4– कक्षाओं में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।
5– छात्र–छात्रायें समय सारिणी के अनुसार नियमित रूप से कक्षाओं में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।
6– आपकी प्रत्येक गतिविधि सी0सी0टी0वी0 कैमरे की नज़र में हैं।
7– महाविद्यालय के पेंड़–पौधों को नुकसान न पहुँचायें।
8– महाविद्यालय परिसर में धूम्रपान पूर्णतया निषेध है। पकड़े जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
9– महाविद्यालय आपका है, कृपया इसको स्वच्छ रखें।
10–उपरोक्त का अनुपालन न किये जाने पर महाविद्यालय से आपको निष्कासित किया जा सकता है।



मुख्य शास्ता
डॉ० शिव ओम शर्मा

**संरक्षक**
**डॉ० नीत बिहारी लाल**
**प्राचार्य**

**प्रधान सम्पादक**
**डॉ० अरुण प्रताप सिंह**

**सम्पादक मण्डल**
**डा0 हर्षवर्द्धन मिश्र, डा0 शिव ओम शर्मा, डा0 अवतार दीक्षित, डा0 अरविन्द उपाध्याय**